रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

रॉयल बुलेटिन की खबर का हुआ असर, कुल्हेड़ी में बड़ी मात्रा में नकली रसगुल्लों की खेप पकड़ी

चरथावल्- चरथावल क्षेत्र में जहाँ नकली रसगुल्ला सहित सभी तरह की मिठाईयां खुलेआम बिक रही थी, जिससे क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी में एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में नकली रसगुल्ले बनाने की भट्टियों पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली रसगुल्ले पकड़कर कार्यवाही की है।

इस कार्यवाही से नकली मिठाइयों का वितरण करने वाले स्वामियों में हड़कम्प मचा हुआ है और भविष्य में चरथावल क्षेत्र में अन्य लोगो के खिलाफ भी बड़ी कार्यवाही की जा सकती है, क्योकि चरथावल क्षेत्र नकली मावा, पनीर, दूध आदि वस्तुओं का बड़े पैमाने पर नकली माल तैयार कर दूरदराज क्षेत्रो में भी सप्लाई कर रहा था और खुलेआम मिठाई की दुकानों पर नकली मिठाईयां सजती हुई नजर आती है।

Source: https://royalbulletin.in/due-to-the-impact-of-royal-bulletin-news-a-large-consignment-of-fake-rasgullas-was-caught-in-kulhedi/239731